# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः05.10.2025

**थाना कोतवाली कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा 08 गुमशुदा मोबाइल (कीमत करीब दो लाख बीस हजार रूपये) को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को किया गया सुपुर्द-**

जनपद मीरजापुर में नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामदगी के क्रम में “सोमेन बर्मा” वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में साइबर सेल थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर द्वारा गुमशुदा मोबाइल धारकों के गुमशुदा मोबाइलों की शिकायतें सी0ई0आई0आर पोर्टल पर आनलाइन दर्ज की जाती थी। गुमशुदा मोबाइलों के प्रार्थना पत्रों/सीईआईआर पोर्टल के आधार पर साइबर सेल थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर पुलिस टीम द्वारा भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्र से पीड़ितों के गुम हुए 08 मोबाइलो को हरियाणा, झारखण्ड, बिहार, गुजरात राज्यो व जनपद मीरजापुर सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बरामद किया गया। बरामद मोबाईलों में मुख्यतः सैमसंग, वीवो, रेडमी, ओप्पो व रियलमी कम्पनी की मोबाइल है, जिनका बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 20 हजार रुपये है। बरामद मोबाइलों को नितेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के द्वारा थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह, थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर की उपस्थिति में मोबाइल स्वामियों को वितरित किया गया। अपना खोया मोबाइल पाकर सभी मोबाइल धारक काफी सन्तुष्ठ व खुश दिखे।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह, थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर।
2. उ0नि0 कृष्णकांत त्रिपाठी प्रभारी साइबर सेल थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर।
3. आरक्षी इरफान अंसारी साइबर सेल थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर।



************